प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/1535 दिनांक: 29 जनवरी, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में दिनांक 08.01.2025 को विषय कोड़ **KAI075** की सम्पन्न हुई परीक्षा को पुनः **दिनांक 07 फरवरी, 2025 को द्वितीय पाली (2.00PM-5.00PM)** आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2024 / 1531 दिनांक 27 जनवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षाओं में दिनांक दिनांक 08 जनवरी, 2025 को सम्पन्न कराई गई परीक्षा के विषय कोड़ KAI075 (Data Warehousing and Data Mining) को कतिपय संस्थानों एवं छात्रों द्वारा किये गये अनुरोध पर छात्रहित में उक्त विषय की परीक्षा को पुनः **दिनांक 07 फरवरी, 2025 को द्वितीय पाली (2.00PM-5.00PM) में पुनः आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है।**

उपरोक्त के संबंध विभिन्न संस्थानों एवं छात्रों द्वारा किये जा रहे अनुरोध पर विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा छात्रहित के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 08 जनवरी, 2025 को विषय कोड KAI075 (Data Warehousing and Data Mining) की सम्पन्न हुई परीक्षा में से **केवल इच्छुक छात्र / छात्रायें पुनः दिनांक 07 फरवरी, 2025 को द्वितीय पाली (2.00PM-5.00PM) में आयोजित होने वाली परीक्षा में प्रतिभाग करें।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए विषय कोड **KAI075 (Data Warehousing and Data Mining) की परीक्षा से आच्छादित इच्छुक छात्र / छात्राओं को दिनांक 07 फरवरी, 2025 को द्वितीय पाली (2.00PM-5.00PM)** को आयोजित होने वाली परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु अपने स्तर से सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

29/01/2025

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक / प्रचार्य / केन्द्र अधीक्षक, विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों को इस आश्य से प्रेषित उपरोक्तानुसार ससमय आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
2. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
7. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक